**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**27.11.2024 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 274 का उत्तर**

**निर्धारित आरक्षित कोटा**

**274. श्री मुकेशकुमार चंद्रकांत दलाल:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) सूरत रेलवे स्टेशन से चलने वाली या यहां रुकने वाली सभी ट्रेनों के नाम क्या हैं;**

**(ख) सूरत शहर के लिए इन ट्रेनों में प्रत्येक श्रेणी में कितनी सीटों के लिए आरक्षित कोटा निर्धारित किया गया है; और**

**(ग) उक्त ट्रेनों में सीटें आरक्षित करने की प्रक्रिया क्या है और उनकी उपलब्धता का ब्यौरा क्या है?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क): वर्तमान में, सूरत स्टेशन को 175 जोड़ी गाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित किया जा रहा है, जिनमें से 20 जोड़ी गाड़ी सेवाएं सूरत स्टेशन से प्रारंभ होती है/समाप्त होती हैं। इसके अलावा, यात्रियों की अतिरिक्त आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 35 जोड़ी स्पेशल रेलगाड़ियों को भी सूरत स्टेशन से परिचालित करते हुए सेवाएं मुहैया कराई जा रही हैं। सूरत स्टेशन पर मुहैया कराई जा रही विभिन्न गाड़ी सेवाओं में वंदे भारत एक्सप्रेस, राजधानी एक्सप्रेस, दूरंतो एक्सप्रेस, गरीब रथ एक्सप्रेस, हमसफर एक्सप्रेस आदि शामिल हैं।**

**(ख) और (ग): किसी भी रेलगाड़ी में गंतव्य और मार्गवर्ती स्टेशनों में से विभिन्न प्रकार के आरक्षित कोटा का वितरण, मांग पैटर्न, सीटों की उपलब्धता और मौजूदा दिशानिर्देशों को ध्यान में रखते हुए किया जाता है। इस प्रकार निर्धारित कोटा की आवधिक रूप से समीक्षा की जाती है और जहां भी आवश्यक हो इसका समायोजन किया जाता है। किसी गाड़ी में उपलब्ध आरक्षित सीटों को पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर बुक किया जा सकता है। किसी विशिष्ट स्टेशन/गाड़ी के लिए आरक्षित सीटों की उपलब्धता पूरे वर्ष एक समान नहीं रहती है और यह कम व्यस्त तथा व्यस्त अवधियों के दौरान अलग-अलग होती है।**

**********

S.K